दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
पुनरावृत्ति पत्रिका (2019–20)

कक्षा : पाँचवी विषय : हिन्दी

उपविषय – पाठ 1 – कामना (कविता), पाठ 2 – लालच के बीज,
व्याकरण –संज्ञा भेदों सहित, लिंग, रचनात्मक लेख (अनुच्छेद लेखन), अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश।

## अपठित गद्यांश

प्र० 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं जो वर्तमान में पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रूप में उभर रहा है। दिनों–दिन बढ़ते इसके खतरनाक प्रभाव से संपूर्ण विश्व के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। इससे समुद्र के जल स्तर में वृद्धि, बाढ़ सूखा, तूफान, मौसम के स्वरूपों में परिवर्तन, भयंकर बीमारियाँ, खाद्य कमी तथा मौतें आने वाले समय में दिखाई देंगी। धरती पर तापमान बढ़ने का जो सबसे मुख्य और जाना हुआ कारण है, वो है वायुमण्डल में कार्बनडाई आक्साइड की मात्रा का स्तर। पेड़ों की कटाई, फ्रिज, ए०सी० से निकलने वाली गैस, अत्यधिक बिजली के इस्तेमाल, तेल, कोयला और गैस के अत्यधिक प्रयोग। अगर इसे नज़रांदाज़ किया गया और इससे छुटकारा पाने के लिए पूरे विश्व के देशों द्वारा तुरंत कोई कदम नहीं उठाया गया तो वो दिन दूर नहीं जब धरती अपने अंत की ओर अग्रसर हो जाएगी। ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ते खतरे के लिए किसी एक को दोष नहीं दिया जा सकता बल्कि पूरी मानव जाति ही इसके लिए ज़िम्मेदार है जिसका समाधान विश्व में जागरूकता और हर एक के उदार प्रयास से ही संभव होगा।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –
1 ग्लोबल वार्मिंग किसे कहते हैं ?
2 ग्लोबल वार्मिंग का ज़िम्मेदार कौन है ?

ख निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए –
1 वर्तमान – बीता हुआ समय, चल रहा समय
2 प्रयास – आराम, कोशिश

ग सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए –
1 ग्लोबल वार्मिंग से दिनों दिन तापमान कम हो रहा है। ( )
2 बिजली के अधिक इस्तेमाल से तापमान का स्तर बढ़ रहा है। ( )

घ निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिए –
1 वायुमंडल में बढ़ती कार्बनडाई आक्साइड की मात्रा से क्या हो रहा है?
i) ग्लोबल वार्मिंग ☐ ii) स्वच्छ वातावरण ☐
2 मौसम के स्वरूपों में परिवर्तन से क्या हो रहा है?
i) स्वस्थ जीवन ☐ ii) भयंकर बीमारियाँ ☐

## पाठ से संबंधित

प्र० 2 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

आधी रात को अचानक सेठ के पेट में दर्द होने लगा। वह पेट पकड़कर ज़ोर–ज़ोर से चिल्लाने लगा। उसकी चीख सुनकर साधु की आँखें खुल गईं। वह उठकर सेठ के कक्ष में जा पहुँचा। सेठ की हालत देखकर साधु वापस कमरे में गया और एक पोटली लेकर वापस आया। उस पोटली से उसने तीन विचित्र–से बीज निकाले। फिर, उन्हें सेठ को देते हुए बोला– ‚ये बीज लो।‚ एक बीज अभी पानी में पीसकर पी लो। यदि आराम नहीं मिले, तो दूसरा भी पीसकर पी लेना, यदि इसके बाद भी दर्द रहे, तो तीसरा बीज भी पानी में पीसकर पी लेना। पर, एक बात का विशेष ध्यान रखना। ये दुर्लभ बीज हैं। यदि पहले बीज से ठीक हो जाओ, तो शेष दो बीजों का सेवन मत करना। वे बीज मुझे लौटा देना,’ यह कह कर साधु वापस अपने कमरे में चला आया।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–
1 आधी रात को साधु की आँखें क्यों खुल गईं ?
2 साधु ने सेठ को कैसे बीज दिए ?
3 साधु ने सेठ को किस विशेष बात का ध्यान रखने को कहा ?

ख सही (✔) या गलत (✘) का निशान लगाइए :–

1 सेठ की हालत देखकर साधु अपने कमरे से बाहर चला गया। ☐

2 साधु ने बीज दूध में पीसकर खाने को कहा। ☐

प्र० 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

क साधु ने सेठ को तीन बीज देकर क्या कहा ?

ख जब सेठ को साधु की बात समझ आई तो उसने क्या किया ?

ग तिजोरी से दुर्गंध क्यों आ रही थी?

घ साधु ने सेठ को समझाते हुए क्या कहा?

प्र० 4 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क किसी गाँव में एक –––––– सेठ रहता था। उसका नाम था –––––––– ।

ख साधु समझ गया कि इस ––––– और ––––– सेठ को समझाने का कोई लाभ नहीं।

ग महात्माजी, उन तीनों ––––– को खाने के बाद मुझे ––––––– मिला।

घ सेठ ––––––– की बात का –––––– समझ चुका था।

प्र० 5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

क दिमाग ख दुर्लभ ग लोभ घ मर्म

प्र० 6 सही उत्तर पर (✔) का निशान लगाइए :–

क किसान सेठ से क्या लेना चाहते थे?

i) कर्ज़ ii) अनाज

ख साधु के जाने के बाद सेठ को क्या हुआ?

i) खुशी ii) दुःख

ग लोगों के वापस आने पर गाँव में क्या करवाया गया?

i) घोषणा ii) हवन

घ सेठ ने कितने बीजों का सेवन किया?

i) तीन ii) एक

प्र० 7 निम्नलिखित शब्दों में ता प्रत्यय लगाकर भाववाचक संज्ञा बनाइए :–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | शिष्ट + –– | –––––– | ख | सुंदर +–– | –––––– |
| ग | विचित्र +–– | –––––– | घ | मानव +–– | –––––– |

प्र० 8 सही वाक्य के लिए (✔) तथा गलत के लिए (✘) का निशान लगाइए :–

1 साधु सेठ की हवेली में ठहरा। ( )

2 सेठ बहुत दयालु व्यक्ति था। ( )

प्र० 9 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :–

क खाना–पीना, ––––––––––––
––––––––––––– चाह नहीं।

ख पर उपकार सदैव –––––––––––––,
–––––––––––– परवाह नहीं।

ग नहीं चाहता जग ––––––––––––––
––––––––––––– को पाना।

घ किंतु चाहता –––––––––––––,
–––––––––––– बलि हो जाना।

## व्याकरण

प्र० 10 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए :–

क गाँधी जी अहिंसा के पुजारी थे।
ख पिता जी ने सोहन को दूध दिया।
ग बगीचे में फूल खिले हैं।
घ बच्चे कक्षा में चुपचाप बैठे हैं।

प्र० 11 कोष्ठक में दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाकर रिक्त स्थान भरें।

क पढ़ते समय हमें ––––––– नहीं करना चाहिए। (आलसी)

ख खेलने के बाद मुझे ––––––– हो गई। (थकना)

ग हमें खाते समय अपने –––––– का ध्यान रखना चाहिए। (स्वस्थ)

घ धोबी कपड़ों की ––––––– कर रहा है। (धोना)

प्र० 12 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए :–

क सुबह–सुबह घर में एक साधु आया।
ख लेखक ने एक संक्षिप्त कहानी लिखी।
ग रेत में ऊँटनी दौड़ रही है।
घ धोबी कपड़े धो रहा है।

प्र० 13 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित लिंग शब्द चुनकर कीजिए :–
क आज घर में –––––––– आने वाले हैं। (पंडित / पंडिताइन)
ख मंच पर ––––– गा रही है। (गायिका / गायक)
ग घर की पूरी सफाई –––––––– कर रही है। (नौकर / नौकरानी)
घ एक –––––––––– रस्सी पर करतब दिखा रहा है। (लड़का / लड़की)

प्र० 14 बच्चे का प्रथम गुरु–माँ, विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखें। (शब्द सीमा – 80–90)

सहायक सूची – ईश्वर का रूप, जननी, ममता की छाँव, पाल–पोसकर, चलना–फिरना, खाना–पीना, बोलना, सांसारिक ज्ञान, सुख प्रदान, ह्रदय में स्नेह, उपकार, मोल, खूब प्यार, आदर, पूजनीय।